हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 संचलन में स्वयंसेवक वाहिनिशः घोष की धुन पर...



07 नपा अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी सोनाली...



## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपए की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी स्कूल शिक्षा के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई है।

### स्वास्थ्य बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**सीहोर।** संचार प्रतिनिधियों के लिए स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 कर दी गई है। सभी पत्रकार साथियों से आग्रह है कि समय पर आवेदन कर योजना का लाभ लें। विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट https://mpinfo.org/ पर देखी जा सकती है।

### निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से

**सीहोर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 31 अक्टूबर 2025 से आमजन के लिए निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उपलब्ध कंप्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक आमजन की पहुंच को सुगम बनाना और एक इस प्रकार के ढांचे का निर्माण करना है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के कम्प्यूटरों को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त आमजन के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकें। ताकि वे कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त कर सकें और तकनीकी ज्ञान ले सकें। प्राचार्य सीजी ढबू ने बताया कि जो भी आवेदक कम्प्यूटर से संबंधित ज्ञान अर्जित करना चाहते है, वे 30 अक्टूबर तक पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रातः 10:30 से 05 बजे के बीच अपना पंजीयन करा सकते हैं और प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को दोपहर 03 से 05 बजे तक कंप्यूटर विषय में कॉलेज के संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं।

## शारदीय नवरात्रि पर सिद्धपीठ पर उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

# मां बगलामुखी मंदिर पर दिखाई दे रहा आस्था और विश्वास का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा है। प्रातःकाल से देर रात्रि तक दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगी रहती है। मंदिर के मुख्य पुजारी परिवार द्वारा माता रानी का मनोहारी एवं अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है। करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान आस्था व विश्वास का संगम दिखाई दे रहा है। हजारों की संख्या में भक्त माता के प्रति आस्था लेकर कतारों में लगकर अपनी मनोकामना पूर्ण होने के विश्वास के साथ दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सिद्धपीठ पर पर्व के दौरान आलम यह रहता है कि मंगला आरती के बाद से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारम्भ हो जाती है जोकि दिन चढने के साथ ही लंबी होती जाती है। सोमवार को भी बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किए गए। माता रानी के दर्शन हेतु कई वीआईपी, प्रदेश सरकार के मंत्री एवं पूर्व मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे।







### चुनर यात्राओं का हुआ आगमन

सोमवार को सिद्धपीठ पर चुनर यात्राओं का भी आगमन हुआ। तहसील के ग्राम धरोला सहित कई स्थानों से चुनर यात्रा माता रानी के दरबार मे पहुंची जहां उनके द्वारा माता रानी के चरणों में चुनर समर्पित की गई।

### किया जा रहा प्रतिदिन मनमोहक श्रृंगार

नवरात्रि पर्व के दौरान जगत जननी मां बगलामुखी का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदासजी एवं मनोहरदासजी पंडा एवं उनके परिवार जनों द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को स्वर्ण श्रृंगार के साथ ग्रीन कलर की चुनर के श्रृंगार में माता के आलौकिक श्रृंगार के दर्शन से भक्त धन्य हो रहे थे।

### मां कालरात्रि के स्वरूप के साथ निकाली प्रभातफेरी

**नलखेड़ा।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते है। इसी के चलते शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग देवी स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही है। सोमवार को नवरात्रि के सातवें दिन माँ कालरात्रि के स्वरूप के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। सोमवार को प्रातः 5.30 बजे मां कालरात्रि का रूप धारण कर एक बालिका के साथ चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई, जोकि चौक बाजार से गणेश चौराहा गवलीपुरा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां माता के दरबार में भजनों की प्रस्तुति के साथ ही गरबा खेलकर भक्ति की गई। यहां से संकीर्तन यात्रा पुनः पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुंची जहाँ श्रीराम स्तुति के बाद समापन हुआ।




## मां शीतला देवी का आकर्षक स्वरूप के साथ श्रृंगार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नवरात्रि के सप्तम रूप कालरात्रि के दिन नलखेड़ा तहसील के ग्राम गुजरखेड़ी में मां शीतला देवी का आकर्षक स्वरूप के साथ श्रृंगार किया गया। ग्राम में स्थित माता के स्थान पर 1998 से नवरात्रि की पावन ज्योत जलाई जाती है।

बताया जाता है कि नवरात्रि का सप्तम दिवस काल रात्रि का दिन मां शीतला देवी का ही रूप है यही एक मातृ वो देवी है जो त्रिनेत्र वाली है। इसका स्वरूप विकराल ओर भयानक है, गले में मुंड की माला पहने हुए हैं, पर इनका स्वभाव बहुत ही शीतल है, शान्त है और बहुत ही दयालु हैं। कोई गांव बसने से पहले इनकी स्थापना होती है गांव के घनश्याम पाटीदार द्वारा बताया गया कि सन 1998 से नवरात्रि की पावन ज्योत जलाई जाती है। पूरे ग्रामवासी नवरात्रि में उत्सव मनाते हैं भजन संध्या करते छोटी छोटी कन्याएं गरबा करती हैं।



## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि में चल रहा अखंड रामायण पाठ



**नलखेड़ा।** नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शारदीय नवरात्रि में अखंड रामायण का पाठ चल रहा है। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस से मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ है जोकि संपूर्ण नवरात्रि चलेगा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया है साथ ही मंदिर को पुष्पों से सजाया गया है। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है।

## मंत्री परमार पहुंचे मां के दरबार में, दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**नलखेड़ा।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदरसिंह परमार सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शनकर आशीर्वाद लिया। मंत्री परमार के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

## जीतू पटवारी सपत्नीक पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

**नलखेड़ा।** पूर्व मंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सपत्नीक सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन आम श्रद्धालुओं के साथ खड़े होकर किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नवरात्रि पर्व के दौरान सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर पर सपत्नीक पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पटवारी के सिद्धपीठ पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया।



### चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग में सीहोर ने बड़वानी को 4-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता का मुकाबले खेला गया। इस मैच में बिल्डअप सीहोर टीम ने बडवानी एफसी को 4-1 से हराया। इस मैच में प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी अनिकेत ने लगातार दो गोल किए। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, अताउल्ला खान, धर्मेन्द्र माहेश्वरी और आयुष गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार की शाम को बिल्डअप सीहोर और बडवानी एफसी के मध्य मैच खेला गया। इस मैच के दौरान सीहोर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से यह मैच जीता। इसमें अनिकेत ने सीहोर की ओर से शुरूआत में दो गोल किए, इसके अलावा प्रियुष थापा-अब्दुल ने एक-एक गोल किया।



## रोटरी क्लब का 4 अक्टूबर को आयोजित होगा दो दिवसीय कैंसर जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मानवता के लिए कार्य करने वाली रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में आगामी चार अक्टूबर को दो दिवसीय महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन शहर के तहसील चौराहा के पास स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। जांच शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार आदि शामिल थे।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर का शुभारंभ आगामी चार अक्टूबर को शहर के तहसील चौराहा के समीपस्थ रोटरी भवन में सुबह 10 बजे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे। शिविर में एक हजार से पांच हजार रुपए की जांच निशुल्क की जाएगी।

### मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक

क्लब के अध्यक्ष विजयवर्गीय ने बताया कि महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच भी शामिल है, ताकि कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सके और जीवन बचाया जा सके, 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। शुरू में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक है। जिससे छोटी से छोटी गांठ, ऊतक में बदलाव या असामान्य संरचना का पता लगाया जा सकता है। दो दिवसीय शिविर में रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन निशुल्क किया जाएगा।

## समवशरण मंडल विधान का चल रहा आयोजन

# 'अगर मन में अच्छे भाव करेंगे तो पुण्य का बंध होगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रत्नत्रय के बल से सभी कर्मों को नष्ट किया जा सकता है। एक बार कर्मों को नष्ट करने पर पुनः इस संसार में जीव को नहीं आना पड़ता है। अगर इस संसार में आना ही पड़े तो फिर कर्मों के नाश करने का क्या फायदा। संतों के भाव हमेशा निर्मल होते हैं। सांसारिक कार्यों के साथ अगर मन में अच्छे भाव करेंगे तो पुण्य का बंध होगा। पुण्यशाली जीव यदि मिट्टी में भी हाथ डालता है तो वहां सोना हो जाता है। इस भव में यदि खुले हाथों से दान करेंगे। तो अगले भव में उसका फल हमें अवश्य मिलेगा।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ससंघ विराजित है। मुनि संघ की पावन निश्रा में त्यागी भवन में चल रहे समवशरण मंडल विधान पूजन के अष्टम दिवस के प्रवचन में यह बात मुनिश्री ने कही। मुनिश्री ने कहा कि सभी जिनेंद्र भगवान के समवशरण में बैठे हुए हैं। भगवान महावीर का समवशरण एक योजन का था प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान का समवशरण 12 योजन का था। ऋषभदेव भगवान की अवगाहना 500 धनुष की थी इसलिए उनका समवशरण 12 योजन का था। यह घटते - घटते महावीर स्वामी का समवशरण एक योजन रह गया। मुनिश्री ने बतायाकि 65 दिन बीत जाने पर महावीर स्वामी की दिव्य देशना




नहीं खिरती है। उस समय सौधर्म इंद्र अवधी ज्ञान से पता लगाते हैं कि मुख्य स्त्रोत नहीं होने से भगवान की दिव्य वाणी नहीं खिर रही है। सौधर्म इंद्र, इंद्रभूति को भगवान की वाणी झेलने के लिए भगवान महावीर के पास लाते हैं। इंद्रभूति ब्राह्मण गोत्री थे। महावीर स्वामी के समवशरण में आने से सभी का मान गलने लगता है। इंद्रभूति ने मान स्तंभ के दर्शन किए जिससे उनका मान गल जाता है। वह भगवान की स्तुति प्रारंभ करने लगते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान के दर्शन करते-करते उन जैसा बनने के भाव आना चाहिए। गौतम गणधर मुनि दीक्षा धारण करते हैं और भगवान की दिव्य देशना खिरने लगती हैं। छैः पदार्थ, सात तत्वों पर हमारी श्रद्धा होना चाहिए। कर्मों को आश्रव होता है। इन पर हमारी श्रद्धा होने से आते हुए कर्मों का रुक जाना, आश्रव होता है। कर्मों का झड़ जाना निर्जरा होती है। जिसके अंदर सम्यक दर्शन नहीं आया है, उसको संसार में भटकना ही है।

मुनिश्री ने बताया कि जिस समय भगवान की दिव्य देशना खिर रही थी उस दिव्य देशना से कई प्राणियों का कल्याण हो गया। उस समय कुछ लोग नाट्य सभा में आनंद ले रहे थे। नाटक देखते देखते ना जाने कितने भव बीत गए। नाटक करना हो तो भरत बाहुबली जैसा करना चाहिए। जिस बाहुबली ने दिग्विजय प्राप्त कर, दीक्षा अंगीकार कर लेते हैं। मुनिश्री ने कहाकि अभिनय करते-करते कई भव बीत गए। बाहुबली ने अंर्त मुहूर्त मैं केवल ज्ञान प्राप्त कर लिया था। अभी हम समवशरण विधान में इंद्रों की भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन वास्तविक अभिनय करते हुए आगे भी इसी प्रकार की पूजन भक्ति करना है। जो भाव अभी भा रहे हैं, आगे भी ऐसे ही भाव हमें धर्म कार्य के लिए भाना है।

मुनिश्री ने कहाकि हमें नित्य प्रति पूजन, पाठ करना चाहिए। कर्म बंध की शक्ति हमारे अंदर होती है, शुभ अशुभ दोनों के भाव हमारे भीतर आते हैं। सांसारिक कार्य करते या दुकान पर बैठकर भी अगर अच्छे भाव करेंगे तो पुण्य का बंध होगा। पवित्र भावना भाकर रत्नत्रय धारण कर मुनि दीक्षा का निर्मल भाव हमें भाना होगा। संतो के भाव हमेशा निर्मल होते हैं। पाप, कषाय संतो के मन में आने पर वो अपने मन को माला के साथ फेरने लगते हैं। भगवान व सिद्धों की भक्ति में मन लगाने लगते हैं। हमें भी इस नश्वर संसार में आने के बाद मुख में राम बगल में छुरी नहीं रखना है। स्वर्ग, नरक, तिर्यंच, मनुष्य देव बनना सभी जीवो के हाथ में है। उन्होंने कहाकि अहिंसा अणुवृत का धारी अपने विवेक से कार्य करता है। समवशरण विधान अपने अंतिम चरण में है। रविवार को नगर में जो चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा निकाली गई वह भव्य थी।

### ट्रंप टैरिफ का एक ही उत्तर स्वदेशी अपनाएं: शर्मा

**सीहोर।** स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुषेन्द्र शर्मा ने जिला पुस्तकालय में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत छात्रों को जानकारी देते हुए यह बात कही। शर्मा ने स्वदेशी से स्वावलंबन और समृद्धि विषय पर स्वदेशी आंदोलन का इतिहास, उसका महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में जबकि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क के साथ-साथ दवाओं पर 1 अक्टूबर से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। स्वदेशी आंदोलन की प्रासंगिकता और उसका महत्व भारत की समृद्धि हेतु स्वदेशी की आवश्यकता आदि बिंदुओं पर चर्चा की। शर्मा ने इसके उपरांत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं को ही क्रय करने का संकल्प दिलाया।

खबर संक्षेप

## 38वीं पुरुष व 34 वीं महिला राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का समापन




**देवास।** जिला आटिया पटिया एसोसिएशन एवं पदमजा हायर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 38 वीं पुरुष एवं 34 वीं महिला सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष का समापन पदमजा हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनीष सोलंकी महामंत्री भारतीय जनता पार्टी देवास कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वप्निल जैन डायरेक्टर पदमजा हायर सेकेंडरी स्कूल, विशेष अतिथि राजेश गोड़ सचिव मध्य प्रदेश आटिया पटिया, संजय अटवाल डायरेक्टर इंदौर परसपर बैंक एवं निलेश जैन समाजसेवी के द्वारा हुआ। अतिथियों का स्वागत अनिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, मयूरी वर्मा, रागिनी चौहान, शशिकांत सर, पंकज वर्मा , श्रीकांत अटवाल, मिलन चौहान आदि ने किया। मुख्य अतिथि मनीष सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रगति एथलेटिक्स क्लब के संचालक अनिल श्रीवास्तव, निरंतर खेलों को आगे बढ़ाने में प्रयासरत रहते एवं निस्वार्थ भाव से खेलों का आयोजन करते हैं उन्हें देवास के खेलों का भीष्म पितामाह कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों ने भागीदारी की जिसमे खंडवा, इंदौर, रतलाम, आगर मालवा, बुरहानपुर, इंदौर कॉरपोरेशन, देवास जिला देवास कॉरपोरेशन, खंडवा जिला खंडवा कॉरपोरेशन, उज्जैन जिला उज्जैन कॉरपोरेशन,मंदसौर जिले की टीमों ने प्रतिनिधित्व किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर जिला, द्वितीय स्थान खंडवा जिला, तृतीय स्थान देवास जिला रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर जिला, द्वितीय स्थान खंडवा एवं तृतीय स्थान देवास जिले का रहा। अतिथियों द्वारा ट्राफी एवं मैडल देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भरत वर्मा ने किया एवं आभार अनिल श्रीवास्तव ने माना।

### जिले के 6 मंडलों के पथसंचलन में 47 गांवों के सैकड़ों स्वयंसेवक हुए सम्मलित

# संचलन में स्वयंसेवक वाहिनिशः घोष की धुन पर गांव के प्रमुख मार्गों से निकले, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत





विजयादशमी उत्सव अंतर्गत जिले के बैरागढ़, लोहाना, पटलवादा, फतनपुर, डबलचौकी, खजुरिया बिना मंडलों में निकले पथसंचलन पटलवाद एवं लोहाना मंडल में बारिश में भी जारी रहा पथसंचलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा विजयादशमी उत्सव पर रविवार को देवास जिले के बैरागढ़, लोहाना, पटलवादा, फतनपुर, डबलचौकी, खजुरिया बिना मंडलों में पथसंचलन निकाले गए। इन पथसंचलनों में 47 गांवों के सैकड़ो स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन कर भारत माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई। संचलन में स्वयंसेवक वाहिनिशः घोष की धुन पर गांव के प्रमुख मार्गों से निकले। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संघ की स्थापना से लेकर शताब्दी वर्ष तक यात्रा के बारे में बताया। शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के विषय समाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक क्रर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण के विषयों के महत्व को बताया।देवास ग्रामीण खण्ड के खंड संघचालक भीम सिंह चावड़ा ने की। उनके साथ मुख्य वक्ता विभाग सह सेवा प्रमुख जुझार सिंह एवं खण्ड कार्यवाह पंकज पटेल मंचासीन रहे। स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पंच परिवर्तन के सभी विषयों को स्वयंसेवकों एवं उनके परिवार द्वारा अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए।हाटपिपलिया खण्ड के डबालचौकी मंडल का संचलन डबलचौकी स्थित आइडल विद्यालय में निकला जिसमें डबालचौकी मंडल के सात गांव के स्वयंसेवक सम्मलित हुए। डबल चौकी में निकले मंडल संचलन में मुख्ता देवास जिला सेवा प्रमुख डॉ अश्विन दुबे, डॉ दुबे ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कुटुंब व्यवस्था को पुनः सुदृढ़ करना होगा। कुटुंब प्रोबोधन होने से ही भावी पीढ़ी में सेवा, समरसता, स्व एवं नागरिक कर्तव्य का भाव बढ़ सकेगा।इसी प्रकार खजुरिया बिना मंडल का संचलन ग्राम लसूडिया हातू स्थित नवीन पंचायत भवन से प्रारंभ जिसमे खजूरिया बिना मंडल के सात गांव के स्वयंसेवक सहभागी हुए। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जिला गौ सेवा संयोजक प्रवीण जाट रहे। जाट ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गांवो के प्रत्येक युवा के मन में स्व का भाव जगाना है, स्व के भाव के जागरण से ही गांव एवं राष्ट्र का हित है।आगामी दिनों में विजयादशमी उत्सव के निमित्त देवास जिले के अन्य मंडलों एवं नगरों में भी पथ संचलन निकल जाएंगे।



3 मंडल बैरागढ़, पटलवाद एवं लोहाना के पथ मंडल पथसंचलन निकाले गए। पटलवाद एवं लोहाना मंडल में बारिश में भी पथसंचलन जारी रहा।बैरागढ़ मंडल का संचलन बांगर में निकाला गया, जिसमें बैरागढ़ मंडल के आठ गांव के स्वयंसेवक सहभागी हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला व्यवस्था प्रमुख विजय नारायण शुक्ला रहे। शुक्ला ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की भारत कर्तव्य परायण राष्ट्र है, सभी लोग अपने-अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन ठीक से करें तो समाज एवं राष्ट्रहित के अन्य सारे विषय प्राप्त हो जाते हैं। पटलवाद मंडल का पथसंचलन ग्राम मेंढकी धाकड़ में निकाला गया, जिसमे पटलवाद मंडल के आठ गांव के स्वयंसेवक सहभागी हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवास विभाग महाविद्यालय कार्य प्रमुख निशांत चित्र रहे। चित्रे ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गांवों का श्रेष्ठ विकास सामाजिक समरसता एवं सद्भाव से ही संभव है। इसी प्रकार लोहाना मंडल का पथ संचलन ग्राम लोहाना में निकला जिसमे लोहाना मंडल के 9 गांव के स्वयंसेवक सम्मलित हुए। इस पथ संचलन के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सक्षम जिला अध्यक्ष दारा सिंह वशिष्ठ रहे, वशिष्ठ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कि भारत की परिवार व्यवस्था ही भारतीय संस्कृति की रीड है, पारिवारिक प्रबोधन के माध्यम से ही गांव राष्ट्रहित का चिंतन करने वाले युवा तैयार होंगे।टोंक खण्ड में फतनपुर मंडल का संचलन कलमा में निकला जिसमें फतनपुर मंडल के आठ गांव के स्वयंसेवक सम्मलित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता

## डेढ़ वर्षीय बच्ची की सड़क हादसे में मौत, माता-पिता और भाई घायल

**देवास।** इंदौर रोड स्थित अर्जुन बड़ौदा के समीप सोमवार सुबह हुए एक सडक़ हादसे में डेढ़ वर्षीय बालिका प्रतीक्षा परमार की मौत हो गई। इस दुर्घटना में बालिका के माता-पिता सुनील परमार और राधा परमार तथा उसका भाई प्रतीक घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार देवास जिला अस्पताल में किया गया। जानकारी अनुसार, पीपलरावा निवासी और वर्तमान में इंदौर के पाटनीपुरा में रह रहे सुनील परमार की डेढ़ वर्षीय बेटी प्रतीक्षा परमार की सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे दुर्घटना में मौत हो गई। सुनील इंदौर में एक होटल में वेटर का काम करते हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब सुनील अपनी पत्नी राधा, बेटे प्रतीक और भतीजी शगुन के साथ बाइक पर माता टेकरी से दर्शन कर इंदौर लौट रहे थे।

# नगर में लोधी समाज ने नवरात्रि की सप्तमी पर निकाली चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नवरात्रि की सप्तमी पर लोधी समाज द्वारा नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा बावड़ी वाली माता मंदिर से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गचोपड़ा, बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, टंकी चौराहा, बाबा भवॅर नाथ मार्ग से होते हुए शक्ति माता मंदिर पर पहुंची। चुनरी यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। चुनरी यात्रा में सभी महिलाए नंगे पैरशामिल हुई। चुनरी यात्रा में मुख्य रूप से भौरासा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, पूर्व सोनकच्छ मंडल अध्यक्ष ठा. राजेंद्र सिंह मोडरिया, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद सचिन यादव सहित समाज जन उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर हुआ 108 कन्याओं का भोज

**देवास।** सनातन संस्कृति में मातृशक्ति सर्वोच्च है। नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना से शक्ति एवं वैभव प्राप्त होता है। ऐसे आयोजन से विद्यार्थी भारतीय संस्कृति से परिचित होते हैं। यह विचार शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में कन्या भोज के अवसर पर अतिथियों ने प्रकट किए। प्रधानाध्यापक महेश सोनी ने बताया कि इस अवसर पर सानोह इंडिया कंपनी द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। कंपनी के एचआर विभाग के राकेश घाड़गे, देवेंद्र तिवारी, आनंदीलाल राठौड़, महिमा शर्मा, खुशी पांचाल, बीआरसी किशोर वर्मा, नूतन संकुल प्राचार्य अशोक साहू, विमल राठौर, नाजमा खान, प्रियंका गौड़, शकुंतला मालवीय, अलका परमार, राजेश चौहान, सूर्यबाला बघेल एवं पालक उपस्थित थे।

# सेन थॉम एकेडमी में हुई थॉमस मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड़ स्थित सेन थॉम एकेडमी में थॉमस मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह प्रतियोगिता दूरदर्शी शिक्षाविद् एन. टी. थॉमस की स्मृति में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि देवास एसपी पुनीत गहलोत, विशेष अतिथि गिरीश मंगला एवं ए.आई.डब्ल्यू.सी. पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा मौजूद रहे। सुनील थॉमस, अध्यक्ष सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स, निदेशिका हैंसी थॉमस, प्राचार्य डॉ. आर. रिथीश तथा सुधीर पंडित, अध्यक्ष देवास शतरंज संघ की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम को गौरवान्वित गया। अतिथियों ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन प्रथम चाल चलकर किया। प्रतियोगिता तीन वर्गों – अंडर 11, अंडर 14 और अंडर 17 – में आयोजित की गई, जिसमें इंदौर, उज्जैन, भोपाल और देवास सहित विभिन्न शहरों से आए लगभग 300 छात्र- छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ग के शीर्ष सात विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सबसे कम उम्र के खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ बालिका खिलाड़ी के लिए विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कुल 51,000 की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रेव. टॉम्स निनन एवं विशेष अतिथि प्रो. (डॉ.) सुनील सोनी (पूर्व कुलपति मेडिकैपस युनिवर्सिटी तथा ओरिएंटल युनिवर्सिटी), अनिल फतेहचंदानी (पूर्व संयुक्त सचिव, ऑल इंडिया शतरंज महासंघ) और अमरजीत सिंह खनूजा (उपाध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, देवास) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और जीवन में धैर्य, दूरदृष्टि और रणनीतिक सोच जैसे शतरंज के गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का आयोजन देवास जिला शतरंज संघ के सहयोग से किया गया।

### विक्रांत क्लब ने शहर में निकाली भव्य चुनरी यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

# संघ के शताब्दी वर्ष में विशेष झांकी बनी आकर्षण का केंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विक्रांत क्लब के तत्वाधान में नगर में भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस यात्रा की विशेषता रही विभिन्न समाजों की आकर्षक झांकियाँ एवं अखाड़े, जिन्होंने यात्रा को अद्भुत और भव्य स्वरूप प्रदान किया। चुनरी यात्रा में महिलाओं और पुरुषों के पारंपरिक अखाड़ों के साथ-साथ सिख समाज का अखाड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित झांकियों में माँ महिषासुर मर्दिनी, महाराणा प्रताप के पराक्रम, सवारियां सेठ जी एवं भगवान शीलानाथ महाराज की झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब द्वारा इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के आगमन पर एक विशेष झांकी भी यात्रा के दौरान प्रस्तुत की गई, जिसने यात्रा को ऐतिहासिक महत्व प्रदान किया। साथ ही क्लब द्वारा देश के वीर जवानों और खिलाडिय़ों का सम्मान कर देशभक्ति और खेल भावना का संदेश भी दिया।

विक्रांत क्लब अध्यक्ष विशाल रघुवंशी ने उद्बोधन में कहा कि इतिहास गवाह है कि कुछ क्षण जीवन में बार-बार नहीं आते इन्हीं क्षणों में शताब्दी संचालन उन्हीं क्षणों में से एक है यह एक ऐतिहासिक संयोग है कि हम सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश के साक्षी बन रहे हैं।

यह पल हम सभी के लिए गर्व का विषय है। चुनरी यात्रा में राजपूत करणी सेना मूल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, विक्रम सिंह पवार, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दिखित, भरत चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह बैस, गणेश पटेल, जुगनू गोस्वामी, पार्षद राजेन्द्रसिंह ठाकुर, रघु भदोरिया, नवीन सोलंकी, देवेन्द्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, शुभम चौहान कई सहित कई गणमान्य जन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सयाजीद्वार से शुरू हुई यात्रा में शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पीठा रोड पहुंचकर सम्पन्न हुई।

अंत में क्लब के सदस्यों ने माता टेकरी पहुंचकर माँ तुलजा भवानी-माँ चामुण्डा को चुनरी ओढाई। यात्रा का कई सामाजिक संस्थाओं के सयाथ नगरवासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से स्वागत किया, जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए एवं पुष्प वर्षा की गई।

# प्रखर श्री साख सहकारिता देवास की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रखर श्री साख सहकारिता मर्यादित देवास म. प्र. की इक्कीसवीं वार्षिक साधारण सभा वर्मा कोचिंग क्लासेस सुतार बाखल देवास पर आयोजित की गई जिसमें संस्था के गणमान्य सदस्य शामिल हुए। सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा द्वारा वित्तीय वर्ष में हुए क्रियाकलापों के प्रतिवेदन का वाचन किया एवं वर्ष में हुए आय व्यय से अवगत कराया गया। सभा अंत में संस्था की उपाध्यक्ष तृप्ति जोशी द्वारा उपस्थित सदस्यों से संस्था की प्रगति हेतु सदस्यों की संख्या में वृद्धि किए जाने का आग्रह किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया। सभा समय में डॉ सुरेश शर्मा ,राजेंद्र मूंदड़ा, रामकृष्ण शर्मा, संदीप कानूनगो, विवेक जोशी, महेंद्र शर्मा, अमित तिवारी आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### मोटरसाइकिल बस की टक्कर में तीन घायल

**ललितपुर** । ललितपुर से महरौनी की ओर जा रही बस शिव शक्ति और महरौनी तरफ से आ रही मोटरसाइकिल की आमने सामने से भिड़ंत हो गई । यह घटना खितवॉस और छिल्ला गांव के पास की है घटना स्थल पर दर्शकों ने बताया कि सामने से क्रॉसिंग करने के कारण यह हादसा हुआ है इसमे मोटरसाइकिल के सवार ओर चालक गंभीर रूप घायल हो गए जिनको जिला मेडिकल कॉलेज ललितपुर भेज दिया गया। परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं बड़ रही है सड़कों पर बेइंतेहा तेज भागती हुई बसे तेज आवाज में बजाते हुए हॉर्न दुर्घटना को अंजाम देने के लिए काफी है परिवहन विभाग भागती हुई बसों को नियंत्रित करने में असमर्थ है बसों की स्पीड और तेज आवाज के हॉर्न पर परिवहन विभाग को रोक लगनी चाहिए तभी दुर्घटनाओ में कमी आने की संभावना होगी ।

### पेड़ काटने की शिकायत पर दबंगों ने की मारपीट

**ललितपुर**। गोविन्दपुरा जखौरा में रहने वाले राजकुमार पुत्र गज्जूराम अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके खेत से पेड़ काट लेने की शिकायत रामअवतार पुत्र मंगल यादव व चंदन सिंह पुत्र देवीसिंह यादव के विरूद्ध पुलिस चौकी बांसी में 18 सितम्बर को शिकायत की थी। इसी बात से बौखलाकर 27 सितम्बर को शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपनी दुकान पर मोबाइल चार्ज करने आया ही था कि पहले से घात लगाये बैठे महिपाल सिंह पुत्र मंगल सिंह यादव व ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र फूलसिंह यादव, गब्बर यादव पुत्र जसरथ यादव खिरकर व अज्ञात व्यक्ति आया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये लाठी-डण्डों से उसकी मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शटर तोड़कर चोरी करने का आरोप

**ललितपुर**। जखौरा के ग्राम सीरोंनकलां निवासी विमल पुत्र अनेक सिंह लोधी ने पुलिस को बताया कि राजघाट रोड जखौरा पर फेरनसिंह लोधी की दुकान किराये पर लिये हुये है और मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान खोले है। दुकान के पीछे कुंआ में उसकी समरसेबिल डली थी। बीती 26 सितम्बर की रात ग्राम घिसौली निवासी मनीष पुत्र तूफान उर्फ कल्लू लोधी ने दुकान के पीछे से कुंआ में डली समर सेबिल व दुकान के शटर तोड़कर रखे पाना चोरी कर ले गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक पर नाबालिग को ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना जखौरा के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 सितम्बर को रात करीब 9 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री अपने भाई के साथ अस्पताल के पास रखी श्रीनवदुर्गा की झांकी देखने गयी हुयी थी। रात करीब 11 बजे उसकी पुत्री वापस आ रही थी, तभी सड़क किनारे 2 मोटर साइकिल सवार ग्राम आलापुर निवासी सीताराम पुत्र कल्लू सहरिया व रवि और सुनील खड़े थे, जिन्होंने उसकी पुत्री को पकड़ कर मोटर साइकिल पर बैठाकर भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नल फिटिंग का सामान लेने गए युवक से मारपीट

**ललितपुर**। बाइपास रोड रावतयाना निवासी चुनमुन रायकवार उर्फ चुन्नी पुत्र मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शाम करीब 6 बजे उसका छोटा भाई अंकित रायकवार पड़ौस की नल फिटिंग की दुकान पर नल फिटिंग का सामान लेने गया हुआ था, दुकान मालिक का छोटा भाई पुष्पेन्द्र पटेल पुत्र घनश्याम पटेल व उसकी पत्नी वर्षा ने उसके भाई को पत्थर से मार दिया, जिससे घायल हो गया।

## उप चुनाव के लिए भाजपा कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया

# नपा अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन ने भरा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन ने अपना पर्चा दाखिल किया। इसके पूर्व तुवन मंदिर के पास सिविल लाइंस में पूजा अर्चना के बाद भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय की विधिवत शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात सीमित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों के साथ सोनाली जैन ने पर्चा दाखिल किया। जबकि अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का हुजूम कार्यालय में ही वना रहा ।

नामांकन प्रक्रिया के बाद जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत और जनप्रतिनिधियों ने चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं को चुनाव सम्बंधित निर्देश देते हुए सम्बंधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने किया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे तन मन से चुनाव हेतु जुट जायें और मतदाताओं से डोर टू डोर सम्पर्क करें।इस सब के लिए वरिष्ठों के साथ शीघ्र ही रणनीति वना ली जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए सादगी से मतदाताओं से सम्पर्क करें। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं ललितपुर जिले के प्रभारी दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को जी एस टी में की गई कमी से आवश्यक वस्तुओं के दामों में आयी बेहद कमी एवं अन्य ऐसे विकास कार्यो की जानकारी मतदाताओं को देनी चाहिए ताकि उन्हें जनहित कारी कार्यों की जानकारी हो सके।सांसद झांसी ललितपुर पं अनुराग शर्मा ने कहा कि हमारी केन्द्र और प्रदेश सरकार ने विकासखन्मुख बहुत कार्य किए हैं इन के बारे में हमारे कार्यकर्ता मतदाताओं को जानकारी देकर जन सम्पर्क करेंगे।

### हमारे कार्यकर्ता हर चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हैं और सफल होते हैं

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता हर चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हैं और सफल होते हैं इस चुनाव में भी हम सफल होकर विजय प्राप्त करेंगे। चुनाव प्रभारी एवं कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव ने कहा कि हम सब इसके लिए शीघ्र ही योजना वना लेंगे और उसी तारतम्य में कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव की रणनीति बनाकर प्रचार किया जायेगा।सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर बैमनष्य फैलाने बालों से कतई वहस नहीं करना चाहिए न ही कमेंट करना चाहिए।वल्कि ऐसी पोस्ट का स्क्रीन शाट लेकर पार्टी नेतृत्व को अवगत कराना चाहिए ताकि उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सके । प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं से समर्थन के लिए भावनात्मक अपील करते हुए कमल के फूल को खिलाने को कहा।अन्त में नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सांसद झांसी ललितपुर पं अनुराग विश्वनाथ शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं ललितपुर जिला प्रभारी दानिश आजाद अंसारी,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष गण हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड,जगदीश सिंह लोधी,, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटैल,, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, शिक्षक नेता ओमशंकर श्रीवास्तव, सीताराम नरवरिया बड्डे, विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, शिक्षक नेता ओमशंकर श्रीवास्तव, सीताराम नरवरिया बड्डे,ई वी के पाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल,रमेश कुमार खटीक आदि उपस्थित रहे।

## *सपा प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे के नामांकन में सपा, कांग्रेस में दिखा उत्साह*



*सोमवार को समाजवादी पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए नामांकन किया है। सपा प्रत्याशी के घर से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भारी तादाद में सपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए। विशाल रूप से नामांकन जुलूस निकला। शहर की सड़कों पर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं विप्रजन शामिल हुए। सभी ने सपा प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे को जीत का आशीर्वाद दिया। शहर की सड़कें कार्यकताओं से पटी रहीं। उत्साह पूर्वक नारेबाजी की गई। नवीन तहसील पहुंचने पर वहां तैनात एसडीएम सदर, एडीएम, सीओ सिटी ने केवल चार लोगों को नामांकन कक्ष तक केवल चार लोगों को अंदर जाने की अनुमति दी। जिसमें सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रत्याशी श्रीमती नीलम आशीष चौबे, विद्या मालवीय सहित एक अन्य महिला प्रस्तावक शामिल हुयीं। वहीं बाहर कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बनता था। नामांकन पत्र जुलूस में सपा कांग्रेस सहित कई दलों के नेतागणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस उपचुनाव में सपा और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। जब से कांग्रेस ने सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को समर्थन देने की घोषणा की है, तभी से भाजपा की मुश्किलें बढ़ रही है अब मुकाबला और दिलचस्प होने के आसार हैं। क्योंकि भाजपा और सपा के बीच ही टक्कर बनी हुई है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम रजक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवंत सिंह राजपूत, नेहा तिवारी,, राकेश रजक, विक्की किलेदार, अभय चौबे, अभि जैन खजुरिया, हरिसिंह यादव, मोंटी शुक्ला, पुनीत देवलिया, राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, आधार सिंह, रवि मिश्रा, सहित अनेक सपा कांग्रेस के नेता मौजूद रहे।*

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सड़क निर्माण में बाधा बन रही विद्युत केबल हटाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर में इन दिनों बारिश ने फिर सफाई एवं निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। वार्ड संख्या 16 के मोहल्ला करीमनगर आजादपुरा में नाली निकासी और सड़क निर्माण की मांग को लेकर लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर चल रही जनसुनवाई में अपना विरोध दर्ज कराया।

डीएम के नाम एसडीएम सदर मनीष कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर मोहल्ले में नाली व सड़क निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। बताया कि विगत कई वर्षों से पक्का सड़क व नाली न होने से मोहल्ले में कई वर्षों से गन्दे नाली का पानी निकासी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा बगल के प्लाटों में गन्दा पानी भरा होने से परेशानियां और बढ़ गयी हैं। मोहल्लेवासियों ने आईजीआरएस पर शिकायती पत्र भेजा, लेकिन निस्तारण नहीं हुआ। इसके अलावा 1076 पर भी फोन किया गया, लेकिन फिर भी मामला निस्तारण नहीं हुआ। गली में पानी भरा होने के कारण यहां बच्चे, बुजुर्ग सभी फिसलकर गिर जाते हैं। इसी गली में अण्डर ग्राउण्ड लाइट केबिल बिछी हुयी है, जिससे कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। यह भी बताया कि इस सम्बन्ध में जिले में आयीं महामहिम राज्यपाल उनके कार्यक्रम में गली के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। बताया कि ईओ नगर पालिका को व्हाट्स ऐप और मोबाइल पर फोन करके अवगत कराने पर उन्होंने आश्वासन दिया था, कि रोड पास हो गया है, लेकिन अभी तक नहीं बना।

मोहल्लेवासियों ने इस गंभीर समस्या के निस्तारण की मांग उठायी गयी। इस सम्बन्ध में एसडीएम ने नाली निकासी में बाधा बन रही अंडरग्राउंड विद्युत केबिल को हटाने के लिए वहीं मौजूद विद्युत अधिशाषी अभियंता से वार्ता कर बताया कि नाली व सड़क निर्माण कार्य का टेंडर जिस ठेकेदार के नाम हुआ था उनका आकस्मिक निधन हो गया है और अब नपा अध्यक्ष चुनाव होने तक निकासी एवं सफाई की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ज्ञापन देते समय शायरा बानो, साबरा, अहसान, विनय, गोरख, गीता, जीनत, पूजा अहिरवार, अभिषेक सोनी, मुस्तकीम, असफाक, युसुफ, रिजा, पूजा, नूरजहां आदि मौजूद रहे।

## नमामि गंगे अभियानः जिला गंगा समिति ने किया कार्यक्रम

# बच्चों को दी नदी संरक्षण करने की सीख

**ललितपुर**। जिला गंगा समिति के तत्वावधान में एस.डी.पी.एस विद्यालय में ह्यजनपद की नदियों' विषय पर एक शैक्षिक-सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने क्षेत्र की जल संपदा से सीधे रूबरू कराना और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों को ललितपुर जिले से बहने वाली प्रमुख नदियों जैसे बेतवा, जामनी, सहजाद, धसान, रोहिणी, अमझिर, ओडी, बानई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ' उन्होंने जनपद में चल रहे नदी पुनर्जीवन कार्यों के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया ' विद्यालय प्रबंधक प्रदीप जैन ने कहा कि नदियाँ हमारी जीवनरेखा हैं और उनका संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए नदियों के सुंदर दृश्यों, उनके पर्यावरणीय महत्व और



प्रदूषण जैसी समस्याओं को पोस्टरों के माध्यम से उजागर किया। बच्चों ने 3डी मॉडल्स के द्वारा लाइव प्रस्तुति दी और गंगा संरक्षण में अपने विचार प्रकट किये ' इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गंगा शपथ एवं भाषण गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय से कक्षा 7 की छात्रा गरिमा नरवरिया को नदी प्रेरक चुना गया, जो विद्यालय स्तर पर नदियों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी।

## स्वच्छता पखवाड़ाः छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिया

### सुधा सागर इंटर कॉलेज में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**ललितपुर** । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वार्ड नंबर 21 मुहल्ला तालाबपुरा में स्थित श्री दिगम्बर जैन सुधा सागर कन्या इण्टर कॉलेज ललितपुर में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति कल्पना जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए रगोली प्रतियोगिता एवं पेटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी ने कहा गया कि सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक नगर पालिका परिषद, ललितपुर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्थानीय स्कूलों के साथ मिलकर छात्रों के बीच प्रतियोगिताएँ आयोजित कर स्वच्छता के संदेश को बढ़ाया देना। सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित, आईबीएम के अधिकारी/कर्मचारी एक घंटे की स्वैच्छिक एक दिन, एक घंटा, एक साथ सामुदायिक गतिविधि (स्वच्छता श्रमदान) में सक्रिय रूप से भाग लेने सम्बन्धी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा कहा कि इन्हीं कार्यक्रमों के अतर्गत आज विद्यालय में स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इस दौरान उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत अवगत कराया। इसी क्रम में कार्यक्रम अधिकारी (डीपीएम) श्री दीपक कुमार द्वारा सेवा पखवाडा के अंतर्गत सम्बोधित करते हुए छात्राओं को कचरे पृथक्कीकरण की विधि के अंतर्गत जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने आसपास एवं घरों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए घरों में डस्टिबिन का प्रयोग करें, गीला कचरा जैसे कि रसोई का कचरा, फल के छिकले, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिकले आदि हरे डस्टबिन में डाले सूखा कचरा जैसे कि कागज और प्लास्टिक, प्लास्टिक की चम्मच, प्लास्टिक की बोतल थर्माकॉल काडवार्ड, अखवार, टूटी-फूटी बोतले आदि को नीले रंग के डस्टबिन में डाले, इसके अलावा घरेलू हानिकारक कचरा सुईयां, सर्जिकल चाकू के बारे में बताया।

## भाजपा ने किया कार्यक्रम

# पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के द्वारा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती के अवसर पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं साथ ही आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को लेकर भी विचार रखे गए। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि आज पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती है इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत को लेकर भी कार्यशाला आयोजित होनी थी ।इसी लिए दोनों को एक साथ ही आयोजित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी ने बचपन में ही अपने परिवार जनों को खो दिया था लेकिन तीक्ष्ण बुद्धि उपाध्याय जी ने बहुत उच्च शिक्षा प्राप्त कर के भी राष्ट्र सेवा करने का निर्णय लिया और राष्ट्रवादी दल भारतीय जनसंघ का गठन डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ किया। उन्होंने भारतीय जनसंघ के लिए एकात्मक मानववाद और अन्त्योदय का विचार रखा । इसमें उन्होंने समाज की अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का विचार रखा ।आज हमारी भारतीय जनता पार्टी इसी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मजयंती पर एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की संगोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव ने कहा कि एक व्यक्ति कैसे राष्ट्र को प्रेरणाश्रोत वन जाता है इसका उदाहरण पं दीनदयाल उपाध्याय जी हैं। उन्होंने आज की भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती दल भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में परम्परागत राजनीति से हट कर अन्त्योदय की विचारधारा रखी थी जिसमें सुदूर क्षेत्रों तक विकास की ज्योति फैलाने का संकल्प था ।आज हमारी सरकारें प्रधानमंत्री आवास, शौचालय,उज्जवला योजना आदि ज्यादातर कार्यक्रम गरीब आधारित चला रहीं हैं। उन्होंने स्वदेशी पर भी काफी जोर दिया था और उसी के परिप्रेक्ष्य में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर गोष्ठी आयोजित की जारही है जिसका मूल मंत्र हर घर स्वदेशी,घर घर स्वदेशी है । उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ हमारी पार्टी के लिए नहीं है वल्कि हमारा संकल्प यह है कि हम सारे देश में इस विषय को फैला कर चर्चा में लाना चाहते हैं जिससे की सारे देश के नागरिक वे किसी भी विचारधारा के हों लेकिन स्वदेशी पर विचार करें। सरकारी योजनाओं के बारे में युवाओं को जानकारी देकर उन्हें स्वदेशी उत्पाद की ओर प्रेरित करना है।

## नवरात्रि में नहीं की जाए विद्युत कटौती, दिया ज्ञापन

**ललितपुर**। भाजपा नगर सोशल मीडिया संयोजक अवधेश शर्मा शौर्य ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया, जिसमें अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अनुरक्षण माह अभियान चलाया जा रहा है जो कि 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सभी जिलों में चलाया जा रहा है, जिसमें इस अभियान के दौरान नवरात्रि के प्रथम दिन ही विद्युत विभाग द्वारा लगभग सभी फीडरों पर दोपहर व शाम के समय घंटों कटौती की गई। भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि इस अभियान को नवरात्रि में रोक दिया जाए जिससे आमजनमानस को कोई भी समस्या न हो। ज्ञापन पर नितिन पंथ नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा के भी हस्ताक्षर हैं।

## सीजेएम न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकद्दमा

# मकान पर जबरन कब्जा करने के प्रयास का आरोप

**ललितपुर**। सिविल लाइन चांदमारी निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र स्व.शंकर सिंह ने सीजेएम न्यायालय में दावा दायर किया है। देवेन्द्र यादव ने कोर्ट को बताया कि उसकी पत्नी गरिमा यादव के नाम एक तीन मंजिला मकान संख्या 189 नया 210 है।

उक्त मकान में उसकी सहमति से किरायेदार मीरा वर्मा, शिवम मौर्या, अभिजीत सिंह निवासरत हैं। बीती 28 जुलाई 2025 को शाम 4 बजे महानगर झांसी के न्यू राय गंज सीपरी बाजार के हाउस नं. 16/19 द्वितीय फ्लोर निवासी बलवीरसिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, दीप्ति सिंह पत्नी बलवीर सिंह एकराय होकर पुलिस लेकर आये और उसके घर में घुसकर किरायेदारों को धमकाने लगे। आरोप है कि बलवीर सिंह ने अवैध धन की मांग की और मकान खाली करने अन्यथा किराया उन्हें देने की बात कही। बताया कि नई बस्ती चौकी पुलिस भी उनके साथ थी, जिन्होंने प्रार्थना पत्र का हवाला देकर कार्यवाही करने की बात कही, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे में सुरक्षित है। आरोप है कि इसके बाद उसके पैतृक घर में पहुंचा और अनुचित दबाव बनाते हुये उसे व उसके परिवार की महिलाओं से अर्यादित भाषा का प्रयोग कर बलवीर सिंह के पुत्र अजय सिंह ने अपने माता-पिता को सम्पत्ति के लालच में उक्त षडय़ंत्र करा रहा है। बताया कि बलवीर सिंह व दीप्ति सिंह षडय़ंत्र करके उसके भोपाल स्थित मकान की मेड से लगातार सम्पर्क कर आने-जाने की पूछताछ करते हैं और उसके साथ कोई भी घटना कारित कर सकते हैं। आरोप है कि उक्त लोग उसके मकान पर किसी न किसी तरह से कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 308 (3) व 352 के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

## सीएमओ कार्यालय में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर गोष्ठी हुई

# स्वस्थ रहने हृदय का सही काम करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सी.एम.ओ. कार्यालय में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि हृदय की सेहत हमारे पूरे शरीर के लिए सबसे जरूरी है। अगर हृदय सही तरह से काम करे तो इंसान की जिंदगी भी लंबी और स्वस्थ रहती है। लेकिन आजकल भागदौड़, तनाव, अनहेल्दी खाना और कम एक्सरसाइज की वजह से हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि छोटी-छोटी आदतों से हम बड़े खतरे टाल सकते हैं। नोडल अधिकारी एन.सी.डी अमित तिवारी ने बताया कि आज के तेज़-तर्रार जीवन में, अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतें, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और अन्य जोखिम कारक हृदय स्वास्थ्य के




लिए गंभीर चुनौतियाँ पेश कर रहे हैं। पहले हृदय रोग को बढ़ती उम्र की समस्या माना जाता था, लेकिन अब लंबे काम के घंटे, तनाव और प्रोसेस्ड भोजन के सेवन के कारण युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। भारत में, कम उम्र के वयस्कों में दिल के दौरे की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। विश्व हृदय दिवस हमें केवल जागरूकता पैदा करने का अवसर नहीं देता, बल्कि तत्काल कार्रवाई करने के लिए भी प्रेरित करता है।

**समय पर चेक-अप और स्वस्थ आदतें लंबी उम्र देतीः** पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि विश्व हृदय दिवस 2025 की थीम है। इसका सीधा संदेश है कि हृदय की हर धड़कन अहम है। समय पर चेक-अप और स्वस्थ आदतें हमें लंबी उम्र और बेहतर जीवन दे सकती हैं दुनिया भर में, हृदय रोग मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है, और जीवनशैली में बदलाव के कारण युवा आबादी में भी इसका जोखिम बढ़ रहा है। थीम एक भी धड़कन न चूकें के माध्यम से, हमारा उद्देश्य लोगों को नियमित जांच करवाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने शरीर द्वारा दिए गए सूक्ष्म संकेतों को पहचानने के लिए प्रोत्साहित करना है। 80% से अधिक समय-पूर्व हृदय रोगों को स्वस्थ आदतों और समय पर उपचार से रोका जा सकता है। इस वर्ष के अभियान का मुख्य बिन्दु जोखिम कारकों को कम करने पर है, जैसेः नमक, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा युक्त भोजन का सेवन कम करे। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। तनाव कम करने के लिए योग और अन्य तकनीकों का उपयोग करें। ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर की नियमित जांच कराएं। अपने हृदय की देखभाल करने का संकल्प लें। छोटे-छोटे बदलाव बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। आइए, एक स्वस्थ भविष्य के लिए एकजुट होकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी धड़कन न चूके।

## राजगढ़ में लगातार 15वें वर्ष जालपा धाम तक निकाली गई भव्यतम चुनरी यात्रा

# जालपा मां के दरबार तक हजारों हाथों ने थामी 1111 मीटर की चूनर

हजारों मातृ-शक्तियां, श्रद्धालु हुए शामिल, अनेकों स्थानों पर हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू चेतना मंच एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में शारदेय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां जालपा के दरबार तक 1111 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। नगर से जालपा धाम तक करीब 5 किमी की इस यात्रा में हजारों की संख्या में मातृ-शक्तियां सहित श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए।

स्थानीय राजमहल परिसर में कन्याओं के पाद-पूजन एवं माता की पूजा-अर्चना उपरान्त डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ माता के जयकारों के बीच यात्रा आरंभ हुई। नगर से लेकर माता के मंदिर तक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनों व समितियों द्वारा कहीं फलाहार, कहीं जलपान तो कहीं पुष्पवर्षा आदि से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस यात्रा के लिए आयोजकों द्वारा बीते करीब एक माह से विभिन्न तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जा रही थीं। लगातार 15वें वर्ष निकाली गई इस चुनरी यात्रा में गत वर्षों से कहीं अधिक श्रद्धालु माता की चुनरी थाम मैया के जयकारे लगाते हुए साथ चलते नजर आए। दोपहर करीब 12.30 बजे राजमहल परिसर से आरंभ हुई यात्रा ढाई घंटे उपरान्त मैया के दरबार तक पहुंची। जहां जालपा मैया की चुनरी अर्पित करते हुए महाआरती का आयोजन करवाया गया।

### माता के दरबार तक पांच किमी मार्ग में बिछाई गई कारपेट

इस भव्यतम चुनरी यात्रा के लिए राजगढ़ से जालपा धाम तक करीब 5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत कारपेट बिछवाने की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुगण माता के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना करते नजर आए।

### पुख्ता रही तमाम व्यवस्थाएं एसपी ने किया निरीक्षण

इस वृहद धार्मिक आयोजन के लिए पुलिस, प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा भी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। यात्रा के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न होने पाए इसके लिए भारी वाहनों को दोनों तरफ रुकवा दिया गया था। इसके साथ ही स्थान-स्थान पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। यात्रा के पूर्व पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने भी यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर राजमहल परिसर एवं प्रमुख-प्रमुख प्वाइंटों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### समर्पण गरबा उत्सव का भव्यता से हुआ समापन

स्थानीय राजमहल परिसर में नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव का शनिवार रात्रि भव्यता के साथ समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग देने वाले हर व्यक्ति का समिति पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है।

### नगर में निकली 191 मीटर चुनार यात्रा

कुरावर में रविवार शाम 4 बजे शिव धाम कॉलोनी वार्ड नंबर 7 शिव मंदिर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव मंदिर से धर्म प्रेमी बंधुओ ने मिलकर 191 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली गई अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बस स्टैंड कुरावर पर स्वागत किया गया।

### बांसखेड़ा से भैंसवा माताजी के दरबार पहुंची चुनर यात्रा

खुजनेर के ग्राम बांसखेड़ा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब श्री बालाजी सरकार की अगुवाई में भक्तों का विशाल जत्था चुनरी यात्रा के साथ भैंसवा माताजी के पावन दरबार की ओर रवाना हुआ। गांव के मुख्य मंदिर परिसर से शुरू हुई यह यात्रा भजन-कीर्तन, जयकारों और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। श्रद्धालुजन माताजी के चरणों में विशाल चुनरी अर्पित करने के लिए नाचते-गाते, हाथों में ध्वज, कलश और चुनरी लेकर यात्रा में शामिल हुए माताजी के दरबार में पहुँचकर भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की और समृद्धि, सुख-शांति एवं कल्याण की मंगल कामनाएं कीं।

### खास बातें

- 25 से अधिक स्थानों पर चुनरी यात्रा का हुआ स्वागत, अभिनंदन।
- यात्रियों को वापस लाने निजी स्कूल संचालकों ने पहुंचवाई अपनी बसें।
- यात्रा के दौरान एम्बुलेंस आने पर पुलिसकर्मियों ने तत्परता से उसे निकलवाया।
- मुस्लिमजनों द्वारा भी पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत।
- पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह की कोई व्यवधान नहीं।
- अगले वर्ष पुन: निकाली जाएगी भव्यतम चुनरी यात्रा।

## खुलेआम होता है अवैध शराब का परिवहन

# नाबालिग बच्चों को बेची जा रही शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर क्षेत्र में शराब ठेकेदार द्वारा लगातार अपने वाहन द्वारा अपनी अवैध दुकानों पर लगातार परिवहन होता रहता है। जिसके वाहन नगर के पुलिस थाने के सामने से लगातार गुजरते हैं, पर शायद जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आते हैं।

हद तो तब होती है जब नबालिकों बालकों तक को शराब बिना रोक के बेची जाती है। जबकि नबालिकों को बेचना या देना गंभीर अपराध है। भारतीय दंड संहिता के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को शराब बेचना या परोसना गैरकानूनी है ऐसा करने वाले व्यक्ति को जेल की सजा जुर्माना और लाइसेंस रद्द होने जैसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं, पर शायद यह कानून यहां लागू नहीं होता है।

निर्धारित दर से अधिक कीमत में नगर की शराब दुकानों पर उपभोक्ताओं से ली जाती है यह राशि नगर में कुछ ज्यादा वा ठेकेदार की अवैध दुकानों पर और ज्यादा हो जाती है। बात यही खत्म नहीं होती है नगर में स्थित शराब दुकानें अपने निर्धारित समय से बहुत पहले ही खुल जाती है जबकि शासन द्वारा इनके खुलने और बंद होने का समय तय किया हुआ है।

ड्राई डे दिवस पर भी आसानी से उपलब्ध होती है शराब नगर की दुकानें चाहे बंद रहे पर ठेकेदार के आदमी अधिक दाम पर शराब बिक्री के लिए आसानी से उपलब्ध रहते हैं और उनकी ग्रामीण क्षेत्रों की अवैध दुकानों पर तो आसानी से उपलब्ध रहती ही है।आबकारी विभाग के जिम्मेदार वा पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से इन सब से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### कार्रवाई की जाएगी

मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली है। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मवीर सिंह नागर**, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खिलचीपुर

### इनका कहना है

मुझे आपसे पता चला है मैं वहां के इंस्पेक्टर को बोल कर देखवा लेता हूं।

**रितेश लाला**, जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

### नगर परिषद व विद्युत विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**जीरापुर।** आगामी विजयादशमी पर्व की व्यवस्था एवं दशहरा मैदान पर विधुत सप्लाई व्यवस्थित रूप से करने हेतु नगर परिषद एवं विद्युत विभाग की टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, देवनारायण दांगी, विद्युत विभाग जेई करण संत सहित नगर परिषद टीम उपस्थित रही। इस दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। पूरे परिसर से पत्थर एवं बड़े कंकड़ साफ किए राम सवारी आगमन मार्ग साफ किया।

# खिलाड़ियों ने प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कालापीपल।** सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे नगर को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की दौड़ व पैदल चाल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक हासिल किए। तरुण वर्ग की क्रॉस कंट्री 6 किलोमीटर दौड़ में अमित परमार ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में सुरुचि मेवाड़ा ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं 400 मीटर दौड़ में वह तीसरे स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग की 5 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में टीना मेवाड़ा ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार तरुण वर्ग की क्रॉस कंट्री में अर्चना मेवाड़ा ने कांस्य पदक जीता। किशोर वर्ग की 400 मीटर दौड़ में जतिन मेवाड़ा ने भी कांस्य पदक अर्जित कर नगर का मान बढ़ाया। इनमें से अमित परमार, सुरुचि मेवाड़ा और अर्चना मेवाड़ा का चयन आगामी क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो 4 से 6 अक्टूबर तक शारदा विहार, भोपाल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण देशपांडे ने खेल शिक्षक विक्रांत शिंदे के साथ सभी विजेता खिलाड़ियों का मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच ने दुर्गा पंडाल में किया शस्त्र पूजन का आयोजन

**सारंगपुर।** बागकुआ टंकी मोहल्ला स्थित जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार रात्रि को मां जगदंबे की महा आरती के बाद शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद अशोक साहू बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद पार्षद राकेश पुष्पद मंच संयोजक योगेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया वही कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्री भल्ला ने शास्त्र और शस्त्र के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शास्त्र के साथ-साथ हमें हमारे धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए शस्त्र भी अनिवार्य है। इस दौरान हिउस सचिव वैभव पुष्पद संतोष प्रजापति प्रकाश पुरी सहित जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच के सतीश पुष्पद करण पुष्पद विनोद जायसवाल कुलदीप पुष्पद सुमित पुष्पद नाना अभिषेक पुष्पद अरुण पुष्पद अनिल पुष्पद सचिन पुष्पद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खिलचीपुर-छापीहेड़ा पर हुई घटना

# सब इंसपेक्टर की चलती कार में अचानक लगी भीषण आग



**राजगढ़।** खिलचीपुर-छापीहेड़ा मार्ग पर शनिवार रात्रि सड़क पर चलती एक कार में अचानक आग लग गई। खिलचीपुर थाने में पदस्थ सब इन्सपेक्टर ड्यूटी उपरान्त वापस अपने घर छापीहेड़ा लौट रहे थे और इसी दौरान यह हादसा हुआ। कार में सब-इन्सपेक्टर सहित 5 अन्य लोग भी सवार थे। समय रहते सभी ने कार से जैसे-तैसे बाहर कूदकर अपनी जान गवाई।

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर थाने में पदस्थ सब-इन्सपेक्टर लोकनाथ कोल, उनका ड्राइवर सहित कुल लोग आल्टो कार से शनिवार रात्रि छापीहेड़ा जा रहे थे। इस दौरान खिलचीपुर से करीब 5 किमी आगे बरुखेड़ी गांव के नजदीक कार के इंजन में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें बोनट से भी बाहर निकलकर बाहर तक फूट पड़ीं। चलती कार में अचानक भभकी आगे के बीच उसमें सवार सभी लोग कार रोककर बाहर कूदे।

### घटना में कोई हताहत नहीं

गनीमत से घटना में किसी को कोई चोंट नहीं आई है लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिस समय कार में आग लग रही थी उस समय आसपास के ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास भी किया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की मदद से आग पर बुझाई जा सकी।

## स्वास्थ्य से लेकर विद्यार्थियों पर हो रहा इसका असर, जिम्मेदार बेखबर

# नियमों को ताख पर रख अपने चहेतो को मिल रहीं अटैचमेंट के नाम पर सुविधाएं


बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिंह, प्राचार्य ने रोका 2 माह का वेतन
बिना सूचना 9 महीने से शिक्षिका नहीं पहुंची स्कूल
डीईओ बोले - छात्रावास की वार्डन है
यह है पूरा मामला
इनका कहना है...

**ब्यावरा।** विभागों में किसी भी तरह के अटैचमेंट खत्म करने के लिए कई आदेश जारी किए गए, परंतु विभाग के संबंधित अधिकारियों की ऐसी क्या मजबूरी होती है कि उन्हें नियमों के विपरीत जाकर भी कई कर्मचारियों का अटैचमेंट अपनी मनचाही जगह पर हो ही जाता है। हाल ही में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में ऐसे अटेचमेंट हुए हैं जहां पर राजनीतिक दबाव की बात सामने आ रही है।

### पहला मामला स्वास्थ्य विभाग ब्यावरा

जिला अस्पताल से सुठालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थानांतरण की गई नर्सिंग ऑफिसर दीपा पंवार ने बमुश्किल से सुठालिया ज्वाइन किया और चंद दिनों के बाद ही ब्यावरा अटेचमेंट करवा लिया। बताया जा रहा है कि उनके पति के राजगढ़ में किसी नेता से धनिष्टता बताई जाती है जिसके चलते उन्हें चंद दिनों में ही अटैचमेंट के सारे नियमों को ताख पर रखकर सीबीएमओ ब्यावरा के आदेश पर ही प्रशासनिक कार्य की सुविधा दृष्टि का कारण बताकर अटेचमेंट कर दिया गया और वहां से भी वह अब लम्बी छुट्टी पर चलीं गई हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग के कर्मचारी सिर्फ नेताओं के लिए नौकरी कर रहे है उन्हें आम जन की परेशानियों से ज्यादा सरोकार नहीं। इस बारे में जब सीएमएचओ से पूछा गया तो उनके पास भी इसका जबाव नहीं था।

### दूसरा मामला शिक्षा विभाग खिलचीपुर-जीरापुर

शिक्षा विभाग में भी नेताओं का हस्ताक्षेप होने के कारण खिलचीपुर ब्लॉक के पीपल्याकलां स्कूल के बच्चों की पढाई तो प्रभावित हो ही रही है प्राचार्य के बार बार कहने के बाद भी विभाग सुध नहीं ले रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी की मजबूरी ही कही जा सकती है कि एक ही शिक्षिका को स्कूल का चार्ज भी दे रखा है और जीरापुर के छात्रावास में अटेचमेंट भी कर रखा है। चूंकि शिक्षिका कल्पना गुर्जर राजनीतिक पकड़ का लाख उठाकर स्वयं का फायदा तो भरपूर कर रही है वहीं विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी कर रही हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि किस तरह शासन के नियमों की धज्जियां उडाकर नेता अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे है और जनहित का दिखावा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कल्पना गुर्जर ने अपना राजनीतिक लाभ उठाते हुए कई महिनों तक स्कूल नहीं गई थी जबकि वेतन स्कूल से ही निकाली जा रही थी।

### इनका कहना है...

छात्रावास की व्यवस्थाएं बिगड़ रहीं थी इसलिए अटैचमेंट किया गया। परंतु बच्चों की पढ़ाई के नुकसान पर नहीं दिया कोई उत्तर।

**करणसिंह भिलाला**, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

## राज्यमंत्री टेटवाल ध्वज लेकर चुनर यात्रा की कर रहे थे अगवानी

# चूनर यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**सारंगपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगदम्बा चूनर यात्रा समिति एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में रविवार को नगर के अम्बे माता मंदिर से मां बिजासन धाम भैंसवा माता के लिए संगीतमय चुनर यात्रा निकाली गई। माता के प्रति अटूट श्रद्धा को समर्पित इस यात्रा में महिला एवं पुरुष भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पंडाल सजाकर पुष्पहारों से स्वागत किया और छाछ, फरियाली खिचड़ी, खीर, चाय एवं जलपान की व्यवस्था कर यात्रियों की सेवा की। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी कई चुनर यात्राएं शामिल हुईं, जिससे माता के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा।

यात्रा का शुभारंभ अम्बे माता मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल माता का झंडा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। उनके साथ हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं नपा उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भक्ति संगीत और बैंड-बाजों की धुन पर भक्त झूमते-नाचते हुए माता के जयकारे लगाते आगे बढ़ते रहे। मां बिजासन धाम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर कन्या भोज में भाग लिया। कई दानदाताओं ने मंदिर निर्माण कार्य के लिए सहयोग राशि भी अर्पित की। चुनर यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम और पेयजल टैंकर भी यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात रहे।

## सत्यता से साधना, साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से ही समाज में होगा परिवर्तन, इसलिए समाज का एकजुट होना जरूरी

# संघ शताब्दी वर्ष : पीपलोदी में आयोजित पथ संचलन में बोले जिला कार्यवाह वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पीपलोदी मंडल में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें कई स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में हिस्सा लिया और एक साथ कदमताल करते हुए निकले। पथ संचलन के पूर्व जिला कार्यवाह मनीष वैष्णव ने बौद्धिक दिया। पथ संचलन के अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि दृ "सतत्यता से साधना, साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से समाज परिवर्तन संभव है।" इसलिए समाज को एकत्र कर समाज की शक्ति का विकास करना होगा। जिससे समाज में परिवर्तन आ सके और भारत परम वैभव पर पहुंचे। उन्होंने अपने बौद्धिक में संघ की शताब्दी वर्ष योजना पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन के प्रत्येक स्वयंसेवक को पंच-परिवर्तन के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

### ये पंच परिवर्तन हैं

1. सामाजिक समरसता - समाज में भेदभाव समाप्त कर सभी को समान भाव से जोड़ना।
2. कुटुंब प्रबोधन - परिवार संस्था को मजबूत कर संस्कारयुक्त वातावरण का निर्माण।
3. पर्यावरण संरक्षण - प्रकृति की रक्षा और हरित जीवन शैली को अपनाना।
4. नागरिक कर्तव्य - समाज में अनुशासन, उत्तरदायित्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना।
5. स्व का बोध - अपने अस्तित्व, मूल्यों और संस्कृति की पहचान कर आत्मगौरव का भाव जगाना।

श्री वैष्णव ने कहा कि संघ का कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही इसका लक्ष्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे नियमित साधना, अनुशासन और संगठनबद्ध कार्यशैली से इन उद्देश्यों को सफल करें। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर समाज को अनुशासन और संगठन की शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पथ संचलन के दौरान मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा के स्थान स्वागत भी किया गया।